भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2150

12 दिसम्बर, 2025 को उत्तर के लिए

रक्षा खरीद की अप्रयुक्त धनराशि

2150. श्री राधाकृष्ण :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कथित तौर पर धीमी खरीद के कारण अपने 2024-25 के पूंजी अधिग्रहण बजट से 12500 करोड़ रुपए लौटाए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस अप्रयुक्त राशि के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) क्या सरकार का खरीद समय को कम करने के लिए रक्षा क्रय प्रक्रिया (डीएपी) में प्रस्तावित संशोधनों को लागू करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख): वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) के तहत रक्षा सेवाओं के लिए पूंजीगत व्यय हेतु ₹1,72,000.00 करोड़ (अनुदान सं. 21) आवंटित किया गया था। वित्त मंत्रालय (एमओएफ) द्वारा संशोधित अनुमान (आरई) चरण में इसे संशोधित कर ₹1,59,500.00 करोड़ किया गया, जिसे 2024-25 के दौरान पूरी तरह से रक्षा मंत्रालय द्वारा व्यय कर दिया गया।

(ग): जी, हां।

*****